बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या 55/2014 के अन्तर्गत बिहार राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में **भूगोल** विषय में सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु अर्हित, औपबंधिक रूप से अर्हित एवं अनर्हित अभ्यर्थियों की सूची तथा साक्षात्कार कार्यक्रम आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

बिहार के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों (सहायक प्राचार्य) के पदों पर नियुक्ति हेतु परिनियम– 2014 के अनुसार साक्षात्कार हेतु उपलब्ध रिक्तियों के 5 (पाँच) गुणा उम्मीदवारों को ही आमंत्रित किया जा सकता है। तदालोक में विज्ञापन सं॰– 55/2014 के अन्तर्गत भूगोल विषय में अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराये गये शैक्षणिक योग्यता से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों/अंक पत्रों आदि के अनुसार देय अंकों के आधार पर समेकित मेधा सूची तैयार कर आरक्षण कोटिवार रिक्तियों के 5 (पाँच) गुणा मेधाक्रमानुसार (अंतिम कट–ऑफ पर समान अंक वाले सभी उम्मीदवारों सहित) उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जा रहा है।

साक्षात्कार में आमंत्रित उम्मीदवारों का आरक्षण कोटिवार कट–ऑफ अंक निम्न प्रकार है:–

Category	No. of Vacancies	Cut-off Marks
Gen (01)	55	66.10
SC(02)	19	47.70
ST(03)	Nill	-
EBC(04)	18	53.05
BC(05)	14	60.55
BCL(06)	01	58.15
Disabled (VI)		46.80
Disabled (OH)		55.15

यदि किसी अभ्यर्थी को उक्त कट–ऑफ के समान या उससे अधिक अंक हैं एवं उन्हें साक्षात्कार के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है तो वे अपनी अंक गणना तालिका के साथ अपना अभ्यावेदन दिनांक 08.11.2016 तक सिर्फ E-mail से आयोग के e-mail-I.D. bpscpat-bih@nic.in पर भेज सकते हैं। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में समर्पित अंक पत्रों/शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के अतिरिक्त इस अभ्यावेदन के साथ अन्य कोई नया अंक पत्र या अन्य प्रमाण पत्र अनुमान्य नहीं होगा।

यह सूचना आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

26/10/16

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना